भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 01 अप्रैल, 2026 को अपना 31वाँ वार्षिक दिवस 'व्योम' मनाया।**

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल, 2026 :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने 01 अप्रैल, 2026 को भारत मंडपम में 'व्योम' (Vyom) की थीम पर अपना 31वां वार्षिक दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में भाविप्रा की शानदार यात्रा और भारत के तेज़ी से विस्तार हो रहे विमानन क्षेत्र को आकार देने में उसकी अहम भूमिका को याद किया गया।

माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री, श्री राममोहन नायडू किंजरपु ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम को सुशोभित किया। नागर विमानन मंत्रालय के सचिव, श्री समीर कुमार सिन्हा ने भी इस कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से क्षेत्र के लिए इस अवसर के महत्व को रेखांकित किया।

समारोह का शुभारंभ भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार के उत्साह से परिपूर्ण स्वागत भाषण से हुआ, जिन्होंने संगठन की उपलब्धियों और भारत के नागर विमानन क्षेत्र के आधारस्तंभ के रूप में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला जो तकनीकी नवाचार और आधुनिक अवसंरचना के माध्यम से विकास को गति प्रदान करता है।

भाविप्रा के 31वें गौरवशाली वर्षों को चिह्नित करते हुए उन्होंने इस अत्यंत गौरवमयी गर्व का क्षण के साथ और भी बड़ी उपलब्धियों की ओर बढ़ता एक अहम कदम बताया। उन्होंने भाविप्रा के अधिकारियों और उनके परिजनों के अटूट समर्पण की सराहना की एवं भारतीय विमानन के भविष्य को संवारने में उनकी अहम भूमिका को भी सराहा तथा मिलकर आगे बढ़ने व सफलता हासिल करने के साझा दृष्टिकोण पर बल दिया।

सभा को संबोधित करते हुए माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री राममोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि भाविप्रा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'उड़ान" (UDAN) विज़न देश के हवाई यात्रा में अभूतपूर्व परिवर्तन ला रहा है और पूरे देश में हवाई यात्रा को सुलभ बना रहा है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत के हवाई अड्डे वैश्विक मानकों को दर्शाते हैं, साथ ही स्थानीय विरासत को भी प्रदर्शित करते हैं जो "विकास भी, विरासत भी" की भावना को साकार करता है। उन्होंने आगे कहा कि भाविप्रा, 'उड़ान यात्री कैफे', 'फ्लाईब्ररी', निःशुल्क वाई -फाई और बच्चों के लिए विशेष 'किड्स ज़ोन' जैसी कई यात्री-केंद्रित पहलों के माध्यम से हवाई यात्रा के अनुभव को एक नया रूप दे रहा है जिससे सभी यात्रियों के लिए आराम और सुविधा सुनिश्चित होती है। उन्होंने विश्व-स्तरीय हवाई अड्डा इकोसिस्टम के निर्माण में उनके योगदान के लिए भाविप्रा के कर्मचारियों और उनके परिवारों को बधाई भी दी।

नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री समीर कुमार सिन्हा ने भाविप्रा को 31वां गौरवशाली वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी और तकनीकी नवाचार तथा विमानन अवसंरचना के आधुनिकीकरण के माध्यम से विमानन क्षेत्र के विकास को गति देने में इसके कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

परंपरा के अनुसार भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार ने 31वें वार्षिक दिवस की पूर्व संध्या पर कर्मचारियों को 'चेयरमैन अवार्ड्स' से सम्मानित किया। यह सम्मान प्रचालन उत्कृष्टता, नवाचार, सुरक्षा और ग्राहक सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।

31वें वार्षिक दिवस के अवसर पर शाम में एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें लोकप्रिय संगीतकार और गायक श्री अमित त्रिवेदी की लाइव प्रस्तुति भी शामिल थी। इस आयोजन की भव्यता में चार चांद लगाते हुए 'ज़ेनिथ डांस ट्रूप' ने एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।

पिछले तीन दशकों में, भाविप्रा भारत के विमानन क्षेत्र को बदलने में सबसे आगे रहा है। इसने हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाया, अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाया और संधारणीयता को बढ़ावा दिया। इसने देश के विमानन विकास को गति, आर्थिक प्रगति में सशक्त योगदान और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

जैसे-जैसे भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक के रूप में उभरा, भाविप्रा ने विश्व-स्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करके वायु दिक्चालन में सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित की और भावी मांगों को पूरा करने के लिए नवाचार को अपनाकर इस विकास को संभव बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखा है।

31वां वार्षिक दिवस 'व्योम' न केवल पिछली उपलब्धियों के उत्सव के रूप में मनाया गया, बल्कि यह भाविप्रा की उत्कृष्टता, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करने का एक मंच भी बना।

**जारीकर्ता:**
**निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा**
**विस्तृत विवरण के लिए, कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-20818228**
**प्रेस विज्ञप्ति संख्या 01/2026-27**


AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
31st AAI ANNUAL DAY
A colourful evening of music and celebration
व्योम
Port Blair Airport





